# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शनिवार, 9 अगस्त, 2025

वर्ष 01 | अंक 200 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


# रक्षाबंधन

## रिश्तों की डोरी, बराबरी का संकल्प

रक्षाबंधन केवल त्योहार नहीं, रिश्तों की जिम्मेदारी याद दिलाने का दिन है। कलाई पर बंधी एक पतली-सी डोरी हमें बताती है कि रिश्ते उपहारों से नहीं, उपस्थिति, सम्मान और विश्वास से चलते हैं। राखी की असली ताकत इसी भरोसे में छिपी है—कि हम एक-दूसरे की सुरक्षा, गरिमा और प्रगति के साथी हैं।




### वचन से आगे-साझी सुरक्षा की भावना

पारंपरिक रूप से बहन राखी बाँधती है और भाई सुरक्षा का वचन देता है। पर आज के समय में सुरक्षा एकतरफ़ा दान नहीं, दोतरफ़ा दायित्व है। बहनें शिक्षा, करियर और आत्मनिर्भरता से परिवार की ढाल बनी हैं; भाई भी केवल रक्षक नहीं, बहन के सपनों के सह-यात्री हैं। यह पर्व हमें बताता है कि रिश्तों में अधिकार से पहले कर्तव्य और अपेक्षा से पहले अपनापन होना चाहिए।

### परंपरा का नया अर्थ-सिर्फ भाई-बहन नहीं, हर अपना

राखी आज खून के रिश्ते से आगे बढ़ चुकी है। बहनें अपनी सहेलियों, शिक्षिकाओं, गुरुजनों-even सहकर्मियों-को भी राखी बाँधती हैं। यह संदेश देता है कि सुरक्षा और स्नेह का दायरा समाज तक फैला है। वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों के साथ राखी, अनाथालयों में बच्चों के साथ उत्सव-ये पहल हमें मानवीय संवेदनाओं से जोड़ती हैं।

### सम्मान, संवाद और बराबरी-यही सच्ची 'रक्षा'

समय बदल रहा है। रिश्ते अब 'हक़' से नहीं, परस्पर सम्मान से टिकते हैं। बहन की इच्छा, निर्णय और स्वतंत्रता का सम्मान ही उसकी असली रक्षा है। घर-परिवार में संवाद की संस्कृति बनाना, बेटियों की शिक्षा और करियर को प्राथमिकता देना, और घर के काम में बराबरी निभाना-ये सब राखी की डोरी को मजबूत करते हैं।

### उत्सव और उपभोक्तावाद-संतुलन जरूरी

बाज़ार की चमक-दमक के बीच संयम न खोएं। महंगे तोहफ़ों से ज़्यादा मायने रखता है समय देना और साथ निभाना। स्थानीय कारीगरों से पर्यावरण-सम्मत राखियाँ लेना, कृत्रिम सजावट की जगह सरल, टिकाऊ सज्जा चुनना, और दिखावे से दूर संवेदनशील उत्सव मनाना-यही संस्कार हैं जो आने वाली पीढ़ियों तक छाप छोड़ते हैं।

### नागरिक कर्तव्य का पर्व-हम सब जिनके ऋणी हैं

इस रक्षाबंधन पर उन लोगों को भी याद करें जो हमारे लिए चौबीसों घंटे खड़े हैं-सीमा पर तैनात जवान, पुलिस-प्रशासन, डॉक्टर-नर्स, सफाई मित्र, आपदा-रेस्क्यू दल। उन्हें धन्यवाद कहना और जहाँ संभव हो, उनके परिवारों के साथ यह पर्व मनाना-यह भी हमारे समाज की डोरी को मजबूत करता है।

### रिश्तों की असल परीक्षा-मुश्किल समय में साथ

अच्छे दिनों में साथ चलना सरल है; मुश्किल घड़ी में साथ निभाना ही रिश्तों की असल परीक्षा है। बहन की पढ़ाई में आर्थिक सहायता, भाई के संघर्ष के समय नैतिक सहारा, परिवार के बुजुर्गों की सेवा-ये वे काम हैं जिनसे राखी का वचन वास्तविक जीवन में उतरता है।

### इस रक्षाबंधन तीन संकल्प

1. **सम्मान**: किसी भी रिश्ते में मर्यादा और गरिमा सर्वोपरि।
2. **संवाद**: मन में गाँठ न रखें, बात करें-शिष्ट, साफ़ और समय पर।
3. **सहयोग**: जरूरत होने पर आगे बढ़कर मदद करें-समय, समझ या साधनों से।

### समापन

रक्षाबंधन हमें बताता है कि रिश्ते किसी एक दिन के तिलक या मिठाई से नहीं, रोजमर्रा के आचरण से पनपते हैं। राखी की डोरी भले सूत की हो, पर उसका अर्थ लोहे जैसा मज़बूत है-समानता, संवेदना और साथ निभाने का। आइए, इस बार हम केवल वचन न दें-वचन निभाने का प्रण लें।


**आपका गोपाल गावंडे**

**संपादक, रणजीत टाइम्स**

# विश्व जागृति मिशन द्वारा सीमा के प्रहरियों के साथ मनाया रक्षाबंधन



इंदौर । लोक विख्यात संत आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज द्वारा स्थापित विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल द्वारा आज बीएसएफ परिसर में पहुंचकर सीमा के प्रहरियों के साथ में रक्षाबंधन मनाया गया मिशन परिवार की उपस्थित बहनों के द्वारा 50 से अधिक फौजी भाइयों को तिलक लगाकर, रक्षा सूत्र बांधते हुए उन्हें मिठाइयां खिलाकर, श्रीफल भेंट किया गया तथा तिरंगा दुपट्टा पहनाकर सभी फौजी भाइयों की आरती उतारी गई, इसके पश्चात सभी बहनों के द्वारा सेना के वीर जवानों के लिए उनके सुखद और मंगलमय जीवन की कामना की गई, साथ ही मंगलगीत गाते हुए ईश्वर से प्रार्थना की गई कि परमात्मा भारत माता की रक्षा के लिए हमारे देश के इन वीर जवानों को और अधिक शक्ति सामर्थ और ऊर्जा प्रदान करे । इसके पश्चात विश्व जागृति मिशन इंदौर मंडल की बहनों के द्वारा उपस्थित सभी गुरु भाइयों की कलाई पर भी रक्षा सूत्र बांधे गए और उनके सुदीर्घ जीवन की मंगलकामना की गई । इस अवसर पर बीएसएफ के कमांडेंट सहित सेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, मिशन मिशन की ओर से श्री कृष्ण मुरारी शर्मा, श्री राजेश विजयवर्गीय,श्री अशोक व्यास, श्री अजय बैंडवाल श्री विनीश मंगलानी, रितेश राठौर आदि उपस्थित थे ।



# बीच सड़क कमलागंज बाबू क्वाटर पर और बाणगंगा रोड पर खुला पड़ा सीवरेज का चैंबर, दुर्घटना की रहती है आशंका

**शिवपुरी। नगर परिषद की ओर से भले ही सफाई व्यवस्था पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हों, उसके बावजूद भी शहर की कई कॉलोनियों एवं सड़कों की नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। जिससे शहर में कई जगहों पर गंदगी के ढेर देखे जा रहे हैं। जिन पर गाय एवं आवारा जानवर विचरण करते हुए देखे जा सकते है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नियमित सफाई नहीं होने के साथ ही सड़कों के किनारे गंदगी के ढेरों को भी नहीं हटाया जा रहा है।**

शिवपुरी। थीम रोड कमला गंज बाबू क्वाटर और बाणगंगा रोड पर सीवरेज के चैंबर खुला पड़ा हुआ है। ऐसे में दुपहिया वाहन चालक रात के समय में गिरकर चोटिल हो सकते है। कई दिनों से




खुले चैंबर के आस पास स्थानीय लोगों की ओर से पत्थर रख दिए है जिससे वाहन चालक उससे बचकर निकल सकें, लेकिन विभागीय अधिकारियों की ओर से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है।

आप भी बताना चाहते हैं किसी जन समस्या के बारे में... तो उससे जुड़ी डिटेल और एचडी फोटो अपने नाम-पते के साथ हमें 9691110695 नंबर पर वॉट्सएप कीजिए धौलपुर।

शहर में वैसे तो हर सड़क पर कीचड़ एवं गड्ढे बने हुए हैं, लेकिन शहर की थीम रोड और न्यू दर्पण कॉलोनी मे पर जहां जिसमें बारिश के बाद जलभराव हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सोनू शर्मा ने बताया कि मोड पर गड्ढे होने के साथ ही उसमें जलभराव होने से जहां लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है वही गड्ढों के कारण आए दिन जाम की स्थिति भी बनी रहती है।

# भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल हाटपिपल्या की बैठक सम्पन्न



## तिरंगा यात्रा व कुशाभाऊ ठाकरे जयंती समेत आयोजन भव्य रूप से मनाने की बात अतिथियों द्वारा की गई

**संजय प्रेम जोशी**

हाटपिपल्या। नगर मंडल हाटपिपल्या की बैठक गुरु कृपा गार्डन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पाटीदार मंडल कार्यक्रम प्रभारी टिकेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव विशेष अतिथि विजय सिंह शक्तावत अरूण राठौर बापूलाल धौसरिया दुलीचंद कुंभकार प्रवीण सक्सेना मनीष सोलंकी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### अतिथियों ने बैठक को सम्बोधित किया

बैठक में स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सैधव ने दिया संचालन मंडल महामंत्री रमेश संदूकलिया ने किया व आभार शुभम तंवर ने माना। बैठक में मुख्य अतिथि महेश पाटीदार ने तिरंगा यात्रा कुशाभाऊ ठाकरे जयंती अटल बिहारी वाजपेयी पूण्य तिथी विभाजन विभीषिका के आयोजन भव्य रूप से करने की बात कही मंडल प्रभारी टिकेंद्र प्रताप सिंह ने हर बैठक में वृक्षारोपण मुख्य रूप से करने की बात कही व बैठक में आये सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं को एक एक पौधा वितरित करने की बात कही वहीं बैठक पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत अतिथियों व कार्यकर्ताओं द्वारा पौधारोपण किया गया।

### बैठक में मुख्य रूप से विनोद जोशी कपिल तंवर राजकिशोर

जायसवाल शुभम तंवर गजराज सिंह बामनी सुरेन्द्र सिंह सैधव हरीश बंजारा लखन मेकालिया धर्मेंद्र दरबार नितिन कुम्भकार गौरव मेश्रा राजू पठान राजेंद्र सिंह सैधव अनिल तिवारी पप्पू धनगर गंगाराम धौसरिया नितिन तंवर रामसिंह सैधव शैलेन्द्र सैधव यशवंत चौहान अर्जुन सैधव अनार सिंह सैधव शकील मंसूरी गणेश पाटीदार समेत अनेक कार्यकर्ता बैठक में मौजूद थे।

# लोहारदा कांटाफोड़ मे हुआ आंचलिक पत्रकार संघ का मिलन समारोह संपन्न

**पत्रकारों के अनुभवों और संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा**

आंचलिक पत्रकार संघ के तत्वावधान में जिले के पत्रकारों का मिलन समारोह बड़े उत्साह और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में जिले भर से आए वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इसके बाद पत्रकारों ने एक-दूसरे के साथ संवाद साझा किया और ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियों व संभावनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि आज की पत्रकारिता और पहले की पत्रकारिता में अब बहुत फर्क आ चुका है पहले प्रिंट मीडिया के माध्यम से सरकार तक जनता की आवाज पहुंचती थी लेकिन आज तेजी से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सोशल मीडिया के माध्यम से बाते तुरंत पहुंच जाती हैं।

पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय और संघर्षशील भूमिका निभाने वाले शलभ गोरानी को आंचलिक पत्रकार संघ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संघ की जिला इकाई द्वारा आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया।गोरानी की नियुक्ति पर क्षेत्र के पत्रकारों एवं सामाजिकजनों में हर्ष की लहर है। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में आंचलिक पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

शलभ गोरानी ने अध्यक्ष पद की ज़िम्मेदारी स्वीकारते हुए कहा कि वे पत्रकारों की आवाज को बुलंद करने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे इस अवसर




पर मंच से कई वक्ताओं ने पत्रकारिता के मूल्यों, जनसरोकार और निष्पक्ष रिपोर्टिंग की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। साथ ही संघ के आगामी कार्यक्रमों और पत्रकार प्रशिक्षण सत्रों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई।समारोह में प्रदेश पदाधिकारी, वरिष्ठ संपादकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने संगठन के प्रयासों की सराहना की और पत्रकारों के हित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। “विधायक आशीष शर्मा को पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर सौंपा गया ज्ञापन” आंचलिक पत्रकारों ने पत्रकार सुरक्षा कानून की माँग को लेकर विधायक श्री आशीष शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों ने बताया कि आए दिन पत्रकारों को उनकी रिपोर्टिंग के दौरान विभिन्न प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। कई बार धमकी, अभद्र व्यवहार और झूठे मामलों में फंसाने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। ज्ञापन में यह मांग की गई कि मध्यप्रदेश में शीघ्र पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, जिससे पत्रकारों को संरक्षण मिल सके और वे निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। इस अवसर पर कई स्थानीय पत्रकार, मीडिया प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। विधायक श्री आशीष शर्मा ने पत्रकारों की मांग को गंभीरता से लेते हुए इसे विधानसभा में उठाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से नवयुक्त जिलाध्यक्ष शलभ गोरानी प्रवीण चौधरी आंचलिक पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष रमेश टाक आदि पत्रकार शामिल रहे।

मंच पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में

विधायक श्री आशीष शर्मा, आंचलिक पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष रमेश टाक प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मिश्रा राजेंद्र पंवार राजेंद्र बज खुमानसिंह बेस समाज सेवी डॉ राजेन्द्र जोशी मनोज होलानी नटवर बियाणी नरेंद्र ठाकुर संतोष वर्मा राकेश पुनियासी संजय प्रेम जोशी (पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष हाटपीपल्या )एवं अन्य वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रिंस भाटिया और ऋषभ सत्तावन ने किया एवं आभार प्रदर्शन संजय परसाई द्वारा किया गया

# अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा स्वर्गीय गोविन्द बदरुका की स्मृति में 21 वा सायकिल वितरण गरिमामय वातावरण में अखण्ड धाम आश्रम एरोड्रम रोड पर सम्पन्न

**रणजीत टाइम्स**




इंदौर। अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा स्वर्गीय गोविन्द बद्रुका की स्मृति में 21 वा सायकिल वितरण गरिमामय वातावरण में अखण्ड धाम आश्रम एरोड्रम रोड पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महामंडलेश्वर चेतन स्वरूप स्वामी, श्रीमति आशा कैलाश विजयवर्गीय, वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचन्द गोयल विशाल बद्रुका पवन बद्रुका मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर महामंडलेश्वर चेतन स्वरूप ने कहा की सायकिल से बालिकाओं को शिक्षा में मदद तो मिलेगी ही साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर होने में भी मदद मिलेगी। ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग, संचालक शिव जिन्दल, अध्यक्ष एस आर गुप्ता ने बताया की प्रतिवर्ष गोयल परमार्थिक ट्रस्ट के सहयोग से 50 से अधिक बालिकाओं को शैक्षणिक आवागमन हेतू सायकल प्रदान की जाती है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर महाराजा अग्रसैन जी का चित्र पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्वर्गीय गोविन्द बद्रुका के चित्र पर पुशष्पंजली अर्पित कर उनके कार्यो को याद किया गया। अतिथि स्वागत राजकुमार बंसल ,गोपाल गर्ग ,वर्षा बंसल ,कमलेश मित्तल राजेश अग्रवाल ,संजय मंगल, विजय गर्ग एवं गोविन्द सिंघल ने किया। कार्यक्रम में होनहार बालिकाओं ने अपने संस्मरण भी सुनाए और बताया की कैसे उन्होनें स्कूलों में मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर न्यायाधीश सत्येंद्र जोशी , वरिष्ठ समाजसेवी विजय गोयल, टीकम गर्ग ,विष्णु बिंदल, जगदीश गोयल बाबाश्री, गणेश गोयल, श्याम अग्रवाल ,महेश गोयन ,श्रीमति कृष्णा गोयल, शशि गर्ग, सविता जिन्दल ,किरण मंगल आदि भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों को फलदार पेड़ पौधे देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विनोद गोयल ने किया आभार राजू बंसल ने माना।

# लव जिहाद धोखा है संभल जाओ अभी मौका है का दिया संदेश हाथों में तख्ती लिए निकले बाजारों में

**रणजीत टाइम्स**



बड़ावदा ।क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लव जिहाद की घटनाएं सामने आई है। रक्षाबंधन पर्व पर लड़कियों को जागरूक करने के उद्देश्य से हिन्दू महासंघ के संभाग प्रभारी सुरेश प्रजापत ने नगर के प्रमुख चौराहों पर घंटों खड़े रहकर जागरूकता का संदेश दिया। प्रजापत धूप में खड़े रहकर, हाथ में तख्ती लिए आने जाने वाली लड़कियों को इस तख्ती को बताकर उन्हें जागरूक रहने का संकेत दे रहे हैं। वे अपने साथियों के साथ गलियों से भी निकले। लव जिहाद धोखा है संभल जाओ अभी मौका है का नारा इस तख्ती पर लिखा हुआ है।प्रजापत ने बताया कि हिन्दू लड़कियों को अब जागरुक होने की जरूरत है। लव जिहाद जैसी घटना हमारे समाज के लिए चिंता का विषय है और इसी को लेकर मैं उक्त संदेश लेकर चौराहों एवं नगर में घूम कर लड़कियों को लव जिहाद से बचने का संदेश दिया है। नगर के कई लोगों ने प्रजापत के इस प्रयास की सराहना की है।

# बाजार हुए गुलजार

## छलका भाई बहन का प्यार

**रणजीत टाइम्स**



राणापुर । भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर बहीना अपनी सुरक्षा का हक मांगकर भाई की लंबी उम्र की कामना करे ऐसे पवित्र रक्षा बंधन का पर्व पूरे अंचल में आज मनाया जाना हे। मंगल मुहूर्त में इस रश्म को पूरा किया जाएगा। बीते एक सप्ताह से नगर की हर गलियों में राखी की दुकानें सज चुकी थी। मिठाइयों के प्रकार गिनते गिनते बहिना आश्चर्य चकित हो रही थी कि कौनसी खरीदे।मिठाइयां भी 300 रु किलो से 1000 रु किलो तक की दुकानों पर सजी थी।5 रुपए से लगाकर 150 रु तक की राखी बाजार में उपलब्ध हे। मिठाई विक्रेता को खाने का भी समय नहीं मिला। पर्व के एक दिन पहले यानी शुक्रवार को विकास खंड के 96 ग्रामों की युवतियां बाजार में रखी ओर मिठाई लेने के लिए उमड़ पड़ी थी वहीं भाई भी इलेक्ट्रानिक, ज्वेलर ओर गिफ्ट समान की दुकानों पर खरीददारी करते दिखे।



# नगर परिषद राजगढ़ द्वारा वार्ड क्रमांक 04 स्थित राजेंद्र आशीर्वाद कालोनी में 250 पौधों का पौधारोपण

**रणजीत टाइम्स**

सरदारपुर । शासन के आदेश एवं निर्देशअनुसार नगर परिषद राजगढ़ द्वारा अध्यक्ष श्रीमति सवेरा महेश जयसवाल एवं सीएमओ श्रीमति ज्योति सुनारिया के निर्देशन में दिनांक 08 अगस्त 2025 को अमृत 2.0 के तहत अमृत मित्र योजना अंतर्गत women for Trees campaign के तहत निकाय की स्वयं सहायता समूह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से 250 पौधे निकाय के वार्ड क्रमांक 04 स्थित राजेंद्र आशीर्वाद कालोनी में लगाए गए ।स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा उक्त पौधों को जीवित रखने का भी संकल्प एवं शपथ ली गई साथ ही निकाय के स्मृतिवन पर पूर्व में पौधा रोपण किया व अपने आस पास साफ सफाई रखने हेतु शपथ दिलवाई गई उक्त कार्यक्रम में निकाय के उपाध्यक्ष श्री दीपक जैन, पार्षद प्रतिनिधि भारत सिंगार आदि पार्षद, जनप्रतिनिधिगण व निकाय के कर्मचारी एवं स्टार वेस्ट मैनेजमेंट एंड सर्विसेस की टीम उपस्थित रही ।

रणजीत टाइम्स 04
इंदौर, शनिवार 9 अगस्त 2025

# आयोजनः वाल्मीकि समाज ने निकाला छड़ी का ऐतिहासिक चल समारोह, हुआ स्वागत

**रणजीत टाइम्स**

**बड़ावदा। वाल्मीकि समाज के आराध्य देव जहावीर गोगा जी का जन्मोत्सव समाजजनों द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुवार को नगर में समाजजनों द्वारा छड़ी का ऐतिहासिक चल समारोह निकाला गया।**

नगर के प्रमुख मार्गो से यह चल समारोह निकला। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। आधा दर्जन छड़ी निकाली गई। जो आकर्षण का केंद्र रही।बैंड की धुन पर सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। नगर में पहली बार ऐसा चल समारोह निकला है। जिसमें समाज के संत किशोरदास जी महाराज भी मौजूद रहे। चल




समारोह में भगवान की झांकी भी निकाली गई। लोगों ने गोगादेव जी व छड़ी की पूजा की । झंडा चौक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र कुमावत , पार्षद अनिल अवस्थी, नपा



अधिकारी मनोज कुमार शर्मा , दिनेश करावत, पूनमचंद परमार,उमराव सिंह गुर्जर आदि पार्षदों , कर्मचारियों ने स्वागत , सम्मान किया। बस स्टैंड पर कांग्रेस के राधेश्याम चौहान , रशीद पठान , भाजपा नेताओं आदि ने भी चल समारोह का स्वागत किया।समाजजनों का सहभोज, प्रसादी भी हुई।

## अणु पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पुलिस भाइयों को बाँधी राखी - एसडीओपी ने बताई कार्यप्रणाली



**रणजीत टाइम्स**

थांदला। पुलिस का नाम सुनकर जहाँ अपराधियों में भय उत्पन्न हो जाता है वही बच्चों में भी पुलिस का डर बना रहता है ऐसे में अणु पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति सञ्चालक प्रदीप गादिया के निर्देशन पर स्कूल की प्राचार्य श्रीमती संध्या नायर संग सीनियर टीचर हीना उपाध्याय, वंदना शर्मा, नीलम भट्ट व जिग्नेश आदि ने 9 वीं व 10 वीं की छात्राओं संग पुलिस थाना थांदला जाकर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नीरज नामदेव व थाना प्रभारी अशोक कनेश संग सभी पुलिस जवानों को तिलक लगाकर राखी बाँधकर मिठाई खिलाते हुए नगर की सुरक्षा के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) नीरज नामदेव एवं थाना प्रभारी अशोक जी ने सभी बच्चों को पूरे थाने का निरीक्षण करवाते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया इस दौरान नामदेव ने बच्चों को पुलिस के स्टार रैंकिंग, जिला सहित थाने के प्रमुख अधिकारियों के नाम व उनके काम, लेखा विभाग, मालखाना, लॉकप रूम आदि बताते हुए पुलिस द्वारा प्रयुक्त हथियारों से भी अवगत करवाया। इस दौरान बच्चों ने क्राइम से लेकर पुलिस बनने तक के व हैलमेट उपयोग तथा नाबालिग अपराध पर क्या होता है जैसे अनेक सवाल किए गए जिनका संतोष जनक उत्तर देकर एसडीओपी व थाना प्रभारी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। संस्था सञ्चालक ने समय देने के लिए समस्त पुलिस स्टॉफ का धन्यवाद देते हुए उन्हें स्कूल आने का आमंत्रण दिया गया।

# समाजसेवी निलेश कुमार सुराणा जीसो के बने राष्ट्रीय मंत्री

**रणजीत टाइम्स**

मुंबई । जैन राष्ट्रीय एकता संगठन मध्यप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष संस्थापक नीलेशकुमार सुराणा को जैन इंटरनेशनल सेवा ऑर्गेनाइजेशन के इंटरनेशनल चेयरमैन सुरेश पुनमिया ने जीसो का राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया है। इस अवसर हाईकोर्ट रिटायर्ड जज के.के तातेड़ , जीसो इंटरनेशनल चेयरमैन सुरेश पुनमिया मुंबई, जीसो राष्ट्रीय प्रचार मंत्री प्रशांत जवेरी मुंबई , जीसो जीवदया प्रकल्प प्रमुख धीरज बालदिया मुंबई ने सुराणा का स्वागत बुके एवं जीसो सर्टिफिकेट देकर किया। अपनी नियुक्ति पर सुराणा ने जीसो इंटरनेशनल चेयरमैन पुनमिया एवं अन्य साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह निश्चित इस पद की गरिमा को बढ़ाएंगे और संगठन के कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे लेकर जाएंगे एवं राष्ट्रसेवा, जिनशासन की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। जीसो के इंटरनेशनल चेयरमैन पुनमिया ने कहा कि आपकी कार्यकुशलता को



देखकर ही इस महत्वपूर्ण पद का दायित्व आपको सौंपा है। हमे पूर्ण विश्वास है कि आप अपने कार्यकाल में शानदार कार्य करेंगे एवं संगठन को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। हाईकोर्ट रिटायर्ड जज के.के. तातेड़ ने कहा कि समाज को आप जैसे युवा वर्ग की तलाश हे जो निरंतर राष्ट्रसेवा एवं जिनशासन की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे एवं राजनीति के क्षेत्र में भी आगे बढ़े। आप जिस तरह से संगठन का कार्य करते है वह शानदार है। आप की कार्य पद्धति को देखकर जीसो ने यह महत्वपूर्ण पद आपको देकर आपको अपने साथ जोड़ा है इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। इस शुभ अवसर पर परिवार सहित सभी ईष्ट मित्रों ने समाजसेवीयों ने निलेशकुमार सुराणा को बधाई दी।

# जय भारत सहकारी संस्था की साधारण सभा संपन्न

**रणजीत टाइम्स**

इन्दौर। 6 हजार सदस्यों वाली जय भारत परस्पर सहकारी संस्था मर्या, इन्दौर की 64 वीं वार्षिक साधारण सभा पंजाब अरोड़वंशीय धर्मशाला में संपन्न हुई। सभा का प्रारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर किया एवं अध्यक्षता संस्था की प्रशासक श्रीमती अवनि श्रीवास्तव ने की। सदस्यों ने सभा में वर्ष 2024-25 के वार्षिक पत्रक स्वीकृत कर अन्य संकल्पों की पुष्टि की। वार्षिक पत्रकों का वाचन आशीष नामदेव ने किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं मीडिया प्रभारी राजेश जैन ने बताया कि सभा में प्रशासक श्रीमती श्रीवास्तव ने सदस्यों के हितार्थ कई न लिए गए निर्णयों की घोषणा की जिसका सदस्यों ने कर्तव्य ध्वनि से स्वागत किया।इस अवसर पर ऐसे सदस्यों का भी शॉल-श्रीफल एवं मल्यार्पण कर सम्मान किया गया जो संस्था से लिये गये ऋण की किश्तों का नियमित व निर्धारित समय पर भुगतान करते है। सम्मानित सदस्यों में रेखा शर्मा, सतीष सुनहरे, श्याम बैरागी व अन्य शामिल रहे। सभा को संस्था के पूर्व प्रशासनिक प्रबंधक डॉ. जैनेन्द्र जैन आदि ने सम्बोधित किया। आभार प्रभारी प्रबंधक सुदिन जोशी ने माना तथा संचालन मनीषसिंह ठाकुर ने किया।



# अनोखा रक्षाबंधन

## बीज राखी से किया , पुलिस , सफाई कर्मी और वृक्ष का सम्मान: केशव इंटरनेशनल स्कूल

रणजीत टाइम्स



झाबुआ। केशव इंटरनेशनल स्कूल की प्राथमिक वर्ग की छात्राओं ने इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व एक अनोखे और प्रेरणादायी तरीके से मनाया। छात्राओं ने नगर के पुलिस अधीक्षक - श्री रघुवंश सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक - श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया ,रक्षित निरीक्षक - श्री अखिलेश जी राय एवं अन्य पुलिसकर्मीयो को राखी बाँधकर समाज को असामाजिक तत्वों से सुरक्षित रखने एवं कड़ी धूप में भी कार्य करने के उनके निरंतर प्रयास के लिए आभार प्रकट किया, साथ ही सफाई कर्मियों को राखी बाँधकर उनके स्वास्थ्य संरक्षण के कार्य के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इसी के साथ सभी पुलिस कर्मी एवं सफाई कर्मियों ने छात्रों को उपहार भी दिए।

छात्राओं ने वृक्षों को भी राखी बाँधी, यह संकल्प लेते हुए कि वे प्रकृति की रक्षा करेंगे। सभी राखियाँ विद्यार्थियों ने स्वयं अपने हाथों से बीज और पर्यावरण–अनुकूल धागों से बनाई थीं। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत विद्यालय की परंपरा का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राएँ हर वर्ष 'सीड राखी' तैयार करते हैं। राखी के उपयोग के बाद, उनमें लगे बीजों को गमलों में रोपित किया जाता है, जिससे यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है।इस वर्ष भी यह कार्य आशीष पांडेय सर के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम की सफलता में उप-प्राचार्य जितेन्द्र खतेड़ियां, शिक्षक विनायक अहेरिया और उदित पांड्या का विशेष सहयोग रहा। संचालक श्री ओम जी शर्मा ने बताया कि "इस अनोखी पहल से विद्यार्थियों ने सीखा कि रक्षा एक द्विपक्षीय वचन है — जैसे सफाई कर्मी, पुलिस बल और वृक्ष हमारी रक्षा करते हैं, वैसे ही हमारा कर्तव्य है कि हम भी उनकी रक्षा और सम्मान करें।" प्राचार्य श्रीमती शालू जैन ने इस पहल की सराहना की एवं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## यदि हम बुद्धिमान है तो बुद्धि का सदुपयोग कर रहे है या दुरूपयोग - संयतमुनिजी

रणजीत टाइम्स

नागदा जं.। मीडिया प्रभारी नितिन बुडावनवाला एवं चातुर्मास समिति अध्यक्ष आकाश वोरा के अनुसार पूज्य अणुवत्स जी ने धर्मसभा में कहा कि हम बुद्धिमान है कि नहीं, यदि है तो इसका सदुपयोग कर रहे है या दुरूपयोग। बुद्धि का दुरूपयोग दूसरों को ठगने में भी करते है। मनुष्य बुद्धि से देवी, देवता भगवान को भी ठगने का प्रयत्न करता है। जबकि मुसीबत में भगवान ही याद आते है। मनुष्य की बुद्धि प्राय: धर्म में कम संसार में ज्यादा लगती है परन्तु हमें बुद्धि का सदुपयोग करना है उसे धर्म में लगाना है। चातुर्मास शुरू हुए 1 माह बित गया हमने अभी तक क्या किया ? धर्म के प्रति, आराधना के प्रति, रूचि दिखाई कि नहीं ? वक्त रहते धर्म आराधना करके अपने जीवन को आनंदीत, कुशल मंगल बनाएं। हमेशा बुद्धि का उपयोग सदकार्यो में ही लगाये। आदित्यमुनिजी म.सा. ने कहा कि सम्यक दर्शन से युक्त आराधना का फल मोक्ष पाता है या रिद्धीशाली देव बनता है। जीवन में यश, प्रशंसा, मनुष्य जीवन केवल भाग्य और पुण्यवान से ही मिलता है। धर्म पुरूषार्थ से धन पुण्यवानी से मिलता हैं आज हर इंसान धर्म और पुण्यवानी भाग्य पर छोड़ देता है। सोच विपरीत हो गयी है। जीवन गाडी के स्टेयरिंग के समान है। जीवन मन रूपी स्टेयरिंग को सही दिशा में घुमाओगे तो ही जीवन रूपी पहियों को सही दिशा मिलेगी। 10 उपवास पुष्पा जवाहर सालेचा व्होरा के है। 9वीं लड़ी मधुबाला चपलोद की चल रही है। 3 उपवास अमृतलाल कांठेड के है। धर्मचक्र जयमाला पितलीया, आंचल मुरडिया, मीनल चपलोत का चल रहा है। 8 उपवास निर्मला रखबचन्द पितलिया के है। एकासना तप का मासक्षमण शकुंतला कांठेड, कांता छिपानी, प्रियंका भटेवरा कर रही है। आतिथ्य सत्कार बसंतीलाल राकेश कुमार विजय कुमार कोलन बेरछावालो का चल रहा हैं संचालन सुरेन्द्र पितलिया ने किया एवं आभार निर्मल चपलोत ने माना।

## जैन धर्म के आगम परमात्मा की वाणी है जीवन मे उतारो

### पूज्य मिश्रीमल जी और रूपचंद जी महाराज की जयंती मनाई

रणजीत टाइम्स

इंदौर। पूज्य मिश्रीमल जी महाराज श्रमण संघ के चमकते नक्षत्र थे। श्रावक को दूर से देख कर ही समझ जाते थे कि वो किसलिए आया है और समाधान कर देते। गुरु आज्ञा में रहे और अपने शिष्यों को खूब आगे बढ़ाया। पूज्य प्रवर्तक रूप चंद जी महाराज शेरे हिन्द थे। श्रमण संघ को आगे बढ़ाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, आपकी आज्ञा कोई नही टालता था। ऐसे महापुरुषों के



गुणानुवाद प्रवर्तक श्रुतमुनि जी महाराज ने धर्मसभा में किये।

आपने आगे प्रवचन में कहा कि जैन धर्म के आगम शास्त्रों में 11 अंग, 12 उपागंए 4 मूल ओर 1 आवश्यक सूत्र इस प्रकार 32 आगम जैन धर्म के भंडार है। इन आगमों में लाखों गाथाएं समाहित है। उपप्रवर्तक श्रुतमुनि जी महाराज ने कहा कि आगम के 5 सूत्र है वाचना, पूछना, प्रयच्छना, धर्मकथा, अनुप्रेक्षा। इन आगमो, ग्रंथों को आज्ञा लेकर कि लेना चाहिये, आगम का चिन्तन करों रीवीजन करों, आगम सुनाना, आगमों का ध्यान करना, आत्मा का ध्यान लगाने के समान है। आगम का ध्यान से अध्ययन करने से पाप रूकता है, पाप कार्य बन्द होते है, आगम के दर्शन से नो ग्रह परेशान नहीं करते है। आगम को हाथ में लेकर ध्यान करना चाहिये, अहो तीर्थंकर परमात्मा हमें आगमो का दिव्य ज्ञान मेरी आत्मा में रमण करें ऐसी प्रार्थना करों। गुरूदेव के मुखारविन्द से आगम वाणी पर प्रवचन गतिमान है। कल प्रातः 8.30 बजे से महावीर भवन में रक्षा बंधन का पर्व मनाया जाएगा। भाई बहन के जोड़े से जाप होंगे और गरूदेव भाई बहेन के रिश्तों पर मार्मिक प्रवचन सुनाएंगे। जाप में चांदी और सोने की राखी के ड्रा निकाले जाएंगे और प्रभावना का वितरण होगा। जाप के विशाल आयोजन की व्यवस्था स्थानकवासी युवक संघ द्वारा की जा रही है। संघ के महामंत्री रमेश भंडारी, एव युवक संघ अध्यक्ष सुविधि जवेरी ने अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है धर्म सभा का संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया। आभार अशोक मंडलीक ने व्यक्त किया।

## गुर्जर समाज ने गंभीर घायल बीरम गुर्जर की इलाज के लिए आर्थिक सहायता की की मांग विद्युत मंडल के जेई को दिया आवेद

रणजीत टाइम्स



जीरापुर। जीरापुर कुशवाहा मोहल्ला चूड़ी गली में लाइट का कार्य कर रहा था तभीबीरम गुर्जर विद्युत पोल से नीचे गिरने से गंभीर घायल होने के बाद गुर्जर समाज ने एकजुट होकर विद्युत कार्यालय पहुंचकर जेई को एक ज्ञापन देकर इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की है।

दरअसल गुर्जर समाज लोगों ने दिया आवेदन में उल्लेख किया कि बीरम गुर्जर मीटर वाचक का कार्य करता था फिर भी विद्युत पोल पर लाईट का कार्य कर रहा था, उसके करंट लग जाने से अचानक पोल से गिर जाने पर गंभीर चोटे आई है। जिसका इलाज बॉम्बे हॉस्पीटल इन्दौर में चल रहा है व जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। यह जानते हुए भी की बीरम एक मीटर वाचक है और मीटर वाचक का काम मीटर वाचन एवं बकाया बिल की उगाही करना है,उसके बावजूद भी आपके द्वारा मीटर वाचक से लाईनमेन का कार्य करवाया गया। जो गलत है। आपके द्वारा उपेक्षापूर्ण पद का दुरूपयोग कर अपने अधीनस्थ मीटर वाचक बीरम से उसके नियुक्ति पत्र मे उल्लेखित शर्तो एवं मीटर वाचक द्वारा किये जाने वाले कार्यो से अलग कार्य करने के लिए विवश किया गया।

जिस कारण से आज बीरम गुर्जर कि इस प्रकार की स्थिति हुई है घायल बीरम के इलाज का खर्च कम से कम 7-8 लाख रू. आने का अस्पताल प्रबंधन द्वारा बताया जा रहा है। बीरम के परिवार की ऐसी आर्थिक स्थित ठीक नही है कि वह इस खर्च को वहन कर सके, विद्युत विद्युत विभाग से मांग की है कि इलाज का संपूर्ण खर्च की व्यवस्था कर घायल बीरम का व्यवस्थित इलाज किया जा सके। अगर विद्युत विभाग ने ईश्वर ध्यान नहीं दिया तो गुर्जर समाज एकजुट होकर दोषी कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। आवेदन देने में पूर्व पुरपुर सिंह गुर्जर, बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष सुजान सिंह गुर्जर शिक्षक रामचंद्र गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, जगदीश गुर्जर मन्याखेड़ी विजय गुर्जर ,हेमराज गुर्जर, शोभाराम गुर्जर, प्रभु लाल गुर्जर ,प्रकाश गुर्जर सहित बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

# दिन दहाड़े सरकारी सम्पत्ति की लुट



रणजीत टाइम्स

खरगोन। खरगोन जिले लगता जैसे कानून व्यवस्था ओर सरकार या सरकारी का भय समाप्त हो गया हे वैसे तो आम जनता को लगता हे कि चोरी रात में ओर डकैती एकांत में होती हे लेकिन आज हम आपको एक ऐसी घटना से रूबरू करवाते हे जिसमें चोर दिन के उजाले में टेम्पो लेकर आते हे सरकारी सम्पत्ति को लूटने का प्रयास करते हे ओर ग्रामीणों को धमकी भी देते हे फिर ग्रामीणों का सामूहिक विरोध देख भाग जाते हे। यह मामला गुरुवार की



दोपहर करीब 2 बजे का जो खरगोन जिला मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर बसे ग्राम पंचायत सुरपाला का हे जिसमें अनिल पाटीदार निवासी उन के द्वारा अंजाम दिया गया यह व्यक्ति पूर्व पंचायत भवन के पीछे संसद निधि से दिए गए पानी के टैंकर को काट कर के टेम्पो में भरता ओर जो पंचायत का पुराना ओर जीर्ण शीर्ण भवन हे उसमें लगे बड़े बड़े लोहे के खंभे भी ले जाने की तैयारी में था इसने टैंकर को कटर से कटा फिर भवन से लोहे के वजनी खंभे निकले ओर खुले मैदान में रखा फिर खुद के टेम्पो में चढ़ाने ही वाला था कि ग्रामीणों ने विरोध किया जिसपर इसने एक ग्रामीण सतीश जायसवाल को धमकी भी दी कि तुझसे जो बने वो कर ले।जिस पर सतीश द्वारा विधायक पाटीदार ओर जिलापंचायत अधिकारी को बताया जब मामला बढ़ता देखा तो अनिल अपना टेम्पो ले व काटे गए टैंकर की सामग्री छोड़ भाग निकला वही सतीश जायसवाल ने बताया कि यह मामला सुरपाला पंचायत का पहला नहीं हे ऐसे अनेकों कारनामे हे जिन्हें दबा या भुला दिया गया हे।लेकिन इस मामले में खरगोन जिला कलेक्टर से मिल कर आवेदन देंगे एवं रिपोर्ट भी लिखवाएंगे। इस पूरे मामले की खबर मिलते ही हमारे रिपोर्ट सुरेन्द्र सेन ने जब सचिव अशोक यादव से मौके पर से ही बात की तो उन्होंने खुद को आवास योजना में व्यस्त होना बताया। अब हम आपको यह भी बता दे कि जी समय सचिव से हमारे रिपोर्टर बात कर रहे थे उसी समय सचिव अशोक यादव मौके पर होने बाद भी भाग निकले जिससे यह भी आशंका होती हे कि इस पूरे घटना क्रम में पंचायत की भी मिली भगत हो सकती हे।ओर इस पंचायत के कर्मचारी ओर मुखिया अपने दायित्वों को कितनी ईमानदारी से निभा रहे हे कि ग्रामीण सरपंच नदारत थे तो दूसरी ओर सचिव महोदय बहाना बना भाग खड़े हुए।

# आबकारी नीति पर ठेकेदार नीति भारी

रणजीत टाइम्स

खरगोन। वैसे तो खरगोन जिले में आबकारी विभाग के जिला अधिकारी अपनी सरकारी गाड़ी में वर्दी पहन कर बड़ी शानो शौकत के साथ माहौल बनाते रहते हे। सैकड़ों किलोमीटर दूर जंगलों में देशी शराब और महुआ लहान पकड़ कर गरीब लोगों पर अपनी वर्दी की धोस जमाते रहते हे मीडिया कवरेज के लिए बड़ी बड़ी तस्वीरें देकर खुद को सिंघम साबित करते हे लेकिन कहावत हे कि दिया तले अंधेरा वहीं खरगोन के आबकारी सूरमाओं की नाक के नीचे हो रहा अंधेरा इन्हें दिखाई नहीं दे रहा यह आमजनता कि समझ के पारे हे जिन आंखों को घने जंगलों में बनती कच्ची शराब दिख जाती हे उन्हीं आंखों का नूर जिला मुख्यालय पर हो रही खुली लुट के नाम से बेनूर हो जाती हे। खरगोन



शहर के हर प्रमुख चौराहे पर एक एक शराब दुकानें नवग्रह की नगरी की शोभा ऐसे बड़ा रही हे जैसे भगवान शिव के सर पर चन्द्रमा उनकी शोभा बढ़ता हे ओर इसी शोभा में चार चांद लगा रहे हे नगर के शराब विक्रेता आम जनता को खुलेआम लुट कर।

शहर में वैसे सुरा प्रेमियों की संख्या कम नहीं हे उसके बाद भी तय दर से ज्यादा कीमत वसूलने का खेल बदस्तूर जारी हे जैसे रॉयल स्टेज का क्वाटर जिसकी तय कीमत 260 हे वहीं दुकानदार द्वारा उपभोक्ताओं से 300 रुपए लिए जा रहे जो कि गलत हे लेकिन इस पर कारवाही करे कौन क्योंकि विभाग के आला अधिकारी तो अपने वातानुकूलित वाहन ओर ऑफिस से बाहर हो नहीं आते और ना ही आम जनता का फोन उठाते हे जिसे एक नजरिए से गलत भी नहीं कह सकते क्योंकि ये नौकरी आमजनता की भी बल्कि सरकार की करते हे ओर दुकान भी सरकारी बेचने वाला भी सरकार का हे तो फिर आम जनता मरती हे मरे हमे तो अपनी पगार से मतलब हे।

# तपस्वियों की अनुमोदना में चोविसी एवं मेहंदी का कार्यक्रम संपन्न

रणजीत टाइम्स




राजगढ़। राजगढ़ नगर में चल रहे ज्ञानांजन चातुर्मास के अंतर्गत 36 दिवसीय 'नमोआयरियाण तप 'एवं 'नवदिवसीय नवकार आराधना तप 'के समस्त तपस्वियों की तप अनुमोदना का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सकल जैन श्री संघ की लगभग 600 से ज्यादा महिलाएं उपस्थित थी ।कार्यक्रम 2:00 बजे प्रारंभ हुआ और 3:30 बजे तक चला ।कार्यक्रम के प्रारंभ में परम पूज्य मुनिराज पुष्पेंद्रविजयजी महाराज साहब ने नवकार मंत्र का पाठ करवाया एवं सभी तपस्वियों के तप की अनुमोदना की।सामूहिक चोबिसी के लाभार्थी सकल जैन श्रीसंघ राजगढ़ ,मेहंदी वितरण के लाभार्थी श्री नैतिकजी भरतजी जैन लुनावाडा ,25 लकी ड्रा के लाभार्थी श्री प्रतीकजी शांतिलाल जी जैन सूरत ,श्रीफल की प्रभावना के लाभार्थी सकल जैन श्री सघं राजगढ़ एवं चोबिसी मे प्रभावना के लाभार्थी श्री दीपेश जी ,राजेशजी मानकचंदजी जैन (देवगुरु ज्वेलर्स )राजगढ़ थे। कार्यक्रम के आयोजक चातुर्मास समिति राजगढ़ एवं सकल जैन श्री संघ राजगढ़ था।चातुर्मास समिति के सभी सदस्य व्यवस्था में लगे हुए थे।

# तपस्वियों की अनुमोदना में चोविसी एवं मेहंदी का कार्यक्रम संपन्न

रणजीत टाइम्स



राजगढ़। राजगढ़ नगर में चल रहे ज्ञानांजन चातुर्मास के अंतर्गत 36 दिवसीय 'नमोआयरियाण तप 'एवं 'नवदिवसीय नवकार आराधना तप 'के समस्त तपस्वियों की तप अनुमोदना का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें सकल जैन श्री संघ की लगभग 600 से ज्यादा महिलाएं उपस्थित थी ।कार्यक्रम 2:00 बजे प्रारंभ हुआ और 3:30 बजे तक चला ।कार्यक्रम के प्रारंभ में परम पूज्य मुनिराज पुष्पेंद्रविजयजी महाराज साहब ने नवकार मंत्र का पाठ करवाया एवं सभी तपस्वियों के तप की अनुमोदना की।सामूहिक चोबिसी के लाभार्थी सकल जैन श्रीसंघ राजगढ़ ,मेहंदी वितरण के लाभार्थी श्री नैतिकजी भरतजी जैन लुनावाडा ,25 लकी ड्रा के लाभार्थी श्री प्रतीकजी शांतिलाल जी जैन सूरत ,श्रीफल की प्रभावना के लाभार्थी सकल जैन श्री सघं राजगढ़ एवं चोबिसी मे प्रभावना के लाभार्थी श्री दीपेश जी ,राजेशजी मानकचंदजी जैन (देवगुरु ज्वेलर्स )राजगढ़ थे। कार्यक्रम के आयोजक चातुर्मास समिति राजगढ़ एवं सकल जैन श्री संघ राजगढ़ था।चातुर्मास समिति के सभी सदस्य व्यवस्था में लगे हुए थे।

## प्रत्येक जीव का कर्तव्य है कि वह जीवों के प्रति दया दिखाएः हार्दिक हुंडिया

रणजीत टाइम्स

मुंबई I हार्दिक हुंडिया जो कि एक भारतीय नागरिक, मुंबई के स्थायी निवासी, जैन धर्म के अनुयायी तथा "जीव दया" प्रेमी हैं। 'सभी जीवित प्राणियों के प्रति करुणा' के सिद्धांतों का स्वयं पालन करते हैं और दूसरों को भी इसकी प्रेरणा देते हैं। हार्दिक हुंडिया ने बॉम्बे उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 और 25 के तहत दिये गये अपने मौलिक अधिकारों, अनुच्छेद 48 के तहत नीति निर्देशक सिद्धांतों और अनुच्छेद 51 (ए) (जी) के तहत अपने मौलिक कर्तव्यों का हवाला दिया है, जो प्रत्येक नागरिक को प्रत्येक जीवित प्राणी के प्रति करुणा दिखाने का मार्ग प्रशस्त करता है।

मुंबई के "कबूतरखानों" के संबंध में

उपरोक्त जनहित याचिका महाराष्ट्र राज्य, मुंबई के नगर आयुक्त, पुलिस आयुक्त, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, कृषि, भारतीय पशु कल्याण बोर्ड और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के खिलाफ दायर की गई है। श्री हुंडिया ने कहा है कि बॉम्बे उच्च न्यायालय से भारतीय पशु कल्याण बोर्ड, ग्रेटर मुंबई नगर निगम, सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग, धार्मिक कबूतरखानों का प्रबंधन करने वाले धर्मार्थ संगठनों, और पारिस्थितिकी एवं जन स्वास्थ्य के स्वतंत्र विशेषज्ञों से अनुरोध है कि वे दायर याचिका के सम्बन्ध में तथ्यों का मूल्यांकन एवं निरीक्ष करेंऔर मुंबई में निर्दिष्ट पक्षी-आहार क्षेत्रों के लिए एक संतुलित और कालजयी नीति तैयार करें। श्री हार्दिक हुंडिया ने यह भी घोषित करने की मांग की है कि प्रतिवादियों द्वारा निर्दिष्ट कबूतरखानों में कबूतरों को दाना डालने पर लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध, और इसके परिणामस्वरूप लगाए गए जुर्माने या दंड, मनमाना, अनुचित और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 25 का उल्लंघन है, और इसलिए अवैध और कानून की दृष्टि से अनुचित है। श्री हुंडिया ने बॉम्बे उच्च न्यायालय से अनुरोध किया है कि उनकी जनहित याचिका को अन्य रिट याचिकाओं के साथ जोड़ दिया जाए, जिनकी अगली सुनवाई 13 अगस्त, 2025 को अपराह्न 03:00 बजे होगी। उपरोक्त जनहित याचिका अधिवक्ता सुश्री ओमी मेहता के माध्यम से दायर की गई है, जिसके प्रस्तुतीकरण और तर्क श्री आशीष मेहता तथा ओमी मेहता लीगल फर्म द्वारा प्रस्तुत किए जाएँगे।





# आत्मा को निर्मल और पवित्र बनाने के लिए तप का तेज जरूरी

### एयरपोर्ट रोड स्थित नवरत्न वाटिका की धर्मसभा में प.पू. विश्वरत्न सागर म.सा. के आशीर्वचन- तपस्वी मुनिराज की निकली रथयात्रा

रणजीत टाइम्स



इंदौर। स्वर्ण को कुंदन बनाने के लिए पहले अग्नि में तपाना होता है, इसी तरह अपनी आत्मा को भी निर्मल और पवित्र बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की तपस्याओं से गुजरना होता है। तप का तेज मनुष्य के व्यक्तित्व को कई गुना निखार देता है। आत्मा को निर्मलता और पवित्रता तप के तेज से ही मिलेगी। जीवन में सदगति प्राप्त करने के लिए तप को मुख्य मार्ग माना गया है। तप से मानवता के कर्मों की निर्जरा होती है। यदि तैरना सीखना है तो पानी में उतरना ही होगा। किनारे बैठकर तैरना नहीं सीखा जा सकता। अपने जीवन को तपस्या की सुगंध से सुरभित बनाने का पुरुषार्थ प्रत्येक साधक को सीखना चाहिए।

युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य प.पू. विश्वरत्नसागर म.सा. के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में चल रहे महामृत्युंजय तप आराधना अनुमोदनार्थ महोत्सव के समापन प्रसंग पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर मुनिराज सिद्धरत्न सागर म.सा. के 30 उपवास एवं बाल मुनि देवर्धिरत्न सागर म.सा., साध्वी श्री उर्विताश्रीजी म.सा. एवं साध्वी श्री प्रभुताश्रीजी म.सा., साध्वी प्रीतवर्षाश्रीजी म.सा., साध्वी लब्धिवर्षाश्रीजी म.सा., तथा अन्य श्रावक-श्राविकाओं के उपवास की अनुमोदना की गई। सुबह कालानी नगर उपाश्रय से नवकारसी के पश्चात तपस्वी मुनिराज सिद्धरत्न सागर म.सा. को नरसिंह वाटिका तक बैंडबाजों के साथ रथयात्रा के रूप में फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित कर लाया गया। रथयात्रा में प.पू. जैनाचार्य विश्वरत्न सागर म.सा. सहित सम्पूर्ण साधु साध्वी भगवंत भी शामिल हुए और उन्होंने भी तपस्वी मुनिराज की पालकी को सानिध्य प्रदान किया। कालानी नगर से नरसिंह वाटिका के बीच सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने नाचते-गाते हुए अपनी खुशियां व्यक्त की। नरसिंह वाटिका पहुंचने पर तपस्वी मुनिराज को कंधों पर उठाकर मंच तक लाया गया। एक आठ वर्षीय बालक हर्ष ने भी मधुर गीत के जरिए अनुमोदना की। संगीतज्ञ देवेश जैन ने अपने भक्ति गीतों से धर्मसभा को मंत्रमुग्ध बनाए रखा।

धर्मसभा में मुनि पवित्र रत्न सागर म.सा., बुद्धिरत्न सागर म.सा., सूर्यरत्न सागर म.सा., गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर म.सा., मुनिराज उत्तमरत्न सागर म.सा. एवं वल्लभ नगर से आए जैनाचार्य पीयूष भद्र सागर म.सा. एवं आचार्य मृदुरत्न सागर म.सा. ने भी तपस्वी मुनिराज एवं अन्य तपस्वी बंधुओं की अनुमोदना की। तपस्वी मुनिराज के पारणे का लाभ अचलजी खूबाजी मिर्चीवाला परिवार ने लिया। लाभार्थी पीपली बाजार के डूंगरवाल परिवार के देवेन्द्र-शालिनी डूंगरवाल, मुनिराज के संसारी परिवार के माता ज्योति बेन संघवी (मक्सी), डॉ. कैलाश संघवी, 30 उपवास के श्रावक तपस्वी मुकेश झेलावत एवं श्रीमती प्रमिला विनय जैन, मुंबई के किरण भाई शाह परिवार, कालानी नगर के चंपालाल मेहता परिवार, वर्धमान नगर के धर्म-शांति झेलावत परिवार तथा अन्य श्रावक-श्राविकाओं का आयोजन समिति की ओर से संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने बहुमान किया। धर्मसभा को गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर म.सा. एवं मुनि प्रवर उत्तमरत्न सागर म.सा. ने भी संबोधित किया। सधार्मिक वात्सल्य के साथ इस महोत्सव का समापन हुआ।

## सनातन परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण की त्रिविध भावना से ब्राह्मण समाज करेंगे ऋषि परंपरा का निर्वहन, सामूहिक श्रावणी आयोजन आज हनुमान डैम पर

### प्रातः 7:30 से रक्षाबंधन पर ब्राह्मण हेमाद्रि, तर्पण कर जनेऊ धारण करने के उपरांत पौधारोपण किया जाएगा

रणजीत टाइम्स

नागदा जं.। जन्मेजये की पुण्य नगरी चंबल तट पर विगत कई वर्षों से संचालित प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सामूहिक श्रावणी कर्म का आयोजन नगर के ब्राह्मण समाज द्वारा हनुमान डेम गवर्नमेंट कॉलोनी रोड के समीप किया जाएगा। जिसमें नागदा एवं आसपास के ब्राह्मण बंधु युवा बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर वैदिक रीति हेमाद्रि, पितृ तर्पण कर नए यग्योपवित धारण करेंगे। प्रकृति मैं स्थित पंचतत्व के पति अपनी कृतज्ञता व्यक्त कर जन कल्याण के लिए पितृ तर्पण एवं सूर्य देव की आराधना के उपरांत गायत्री वेद मंत्र का उच्चारण कर यज् पवित्र बदलेंगे। सर्व ब्राह्मण महासभा



अध्यक्ष डॉ अनिल दुबे के नेतृत्व में पौधारोपण किया जाएगा तथा सभी आगंतुक समाज जनों के लिए फलाहार की व्यवस्था की जाएगी। पूजन हेतु आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। नगर के विप्र जनों से अधिक से अधिक संख्या में धार्मिक आयोजन में सहभागीय करने के लिए अनुरोध किया गया। श्रावणी (उपाकर्म) का सामूहिक आयोजन आज शनिवार, 9 अगस्त 2025 को प्रातः 7:30 बजे किया जा रहा है।

सभी ब्राह्मण बंधुओं से निम्नलिखित सामग्री अपने साथ लेकर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया। श्रावणी कर्म के आचार्य द्वय पंडित अजय पांडे एवं दीपक पांडे ने बताया स्वयं के उपयोग हेतु पंछा या स्वच्छ वस्त्र, धोती, आसन, दो छोटी थालियाँ, एक तरबाना, कुशा, आचमनी, लोटा, शंख, शालिग्राम जी (यदि हो), खुल्ले सिक्के, स्नान उपरांत पहनने के वस्त्र, शेष पूजन सामग्री उपलब्ध करा दी जाएगी। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण की त्रिविध भावना को समर्पित है। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

# सीहोर रेलवे स्टेशन पर रिकॉर्ड भीड़ का सफलतापूर्वक प्रबंधन

रतलाम । सीहोर स्थित कुबेरेश्वर धाम में आयोजित कांवड़ यात्रा के चलते 5 से 8 अगस्त 2025 के बीच सीहोर रेलवे स्टेशन पर लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही रही। यह भीड़ सामान्य दिनों की तुलना में लगभग दस गुना से अधिक थी। इसके बावजूद रतलाम मंडल के वाणिज्य, परिचालन, रेलवे सुरक्षा बल (RPF) एवं अन्य विभागों के बेहतर समन्वय और सूझबूझ से इस भारी भीड़ का सफल व सुरक्षित प्रबंधन किया गया। भीड़ का आकलन कर ट्रेन संचालन की योजना बनाने में वाणिज्य विभाग ने सक्रिय भूमिका निभाई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मंडल कार्यालय से लगातार निगरानी की गई। इसके साथ ही ट्रेनों स्पेशल ट्रेनों के मरम्मत कार्य में मेकेनिकल विभाग, ट्रेनों के परिचालन में ऑपरेटिंग विभाग, टेंट एवं होल्डिंग एरिया के निर्माण में इंजीनियरिंग विभाग, सुरक्षा को पुख्ता करने में रेलवे सुरक्षा बल, उत्तम प्रकाश व्यवस्था के लिए बिजली विभाग तथा किसी भी आपात स्थिति प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मेडिकल विभाग के साथ ही अन्य विभागों का भी इस भीड़ प्रबंधन में काफी प्रभावी एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंडल के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा इस भीड़ प्रबंधन से संबंधित कार्यों की निगरानी की गई।



इस अवधि में यात्रियों की सुविधा हेतु सीहोर स्टेशन पर कुल 11 अतिरिक्त काउंटर 26 शिफ्ट में चालू किए गए तथा पूछताछ काउंटर पर दो शिफ्टों में स्टाफ की व्यवस्था की गई। टिकट जांच कार्य के लिए लगभग 30 चेकिंग स्टाफ की भी तैनाती की गई। इन चार दिनों में अतिरिक्त यात्रियों से रेलवे को अनारक्षित टिकटों से लगभग 50 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने हेतु वाणिज्य और परिचालन विभाग द्वारा विशेष ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया गया। 5 से 8 अगस्त के दौरान उज्जैन-भोपाल और उज्जैन-सीहोर मार्गों पर प्रतिदिन दोनों दिशाओं में अनारक्षित ट्रेन के कुल 36 फेरे चलाई गईं। स्टेशन परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने हेतु 840 वर्गमीटर क्षेत्र में स्थायी होल्डिंग एरिया तथा 700 वर्गमीटर में टेंट की व्यवस्था की गई। होल्डिंग एरिया के पास पीने का पानी एवं प्रकाश की समुचित व्यवस्था की गई । भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिदिन रेलवे सुरक्षा बल के 25 तथा जीआरपी के 20 जवानों ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्लेटफॉर्म एवं ट्रेन तक भीड़ को व्यवस्थित तरीके से चढ़ाने, इनकमिंग यात्रियों को बाहर निकालने और पटरियों पर अनधिकृत आवागमन रोकने में उनका अहम योगदान रहा। स्टेशन पर सीसीटीवी की मदद से लगातार निगरानी की गई, जिससे किसी भी संभावित अप्रिय स्थिति से समय रहते निपटा जा सका।

आपात स्थिति से निपटने हेतु चिकित्सा विभाग भी पूरी तरह से सतर्क और तैनात रहा। प्राथमिक उपचार की व्यवस्था स्टेशन पर ही सुनिश्चित की गई। यात्रियों की सुविधा हेतु पीने के पानी और शौचालय जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं भी दुरुस्त रखी गई। वर्तमान में संचालित की जा रही स्वच्छता अभियान को ध्यान में रखते हुए सीहोर रेलवे स्टेशन पर रिकॉर्ड भीड़ के दौरान भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया तथा नियमित स्टेशन एवं स्टेशन परिसर की सफाई करवाई गई। रेलवे स्टेशन परिसर में अतिरिक्त भीड़ की समुचित प्रबंधन करने के साथ ही इस संबंध में स्थानीय जिला प्रशासन के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित किया गया। मंडल रेल प्रबंधक श्री अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन एवं विभिन्न विभागों के कुशल समन्वय के चलते सीहोर रेलवे स्टेशन की क्षमता से कहीं अधिक भीड़ का प्रभावी और सुरक्षित प्रबंधन किया गया। श्री कुमार ने सीमित संसाधनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सीहोर स्टेशन की टीम को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की
अग्रिम शुभ सूचना
"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!
बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो
2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।
भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278
रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"
रणजीत टाइम्स